a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

**Series–C** **A–903–C**

Roll No. [redacted]

Total No. of Questions–17] [Total No. of Printed Pages–11

Copyright Reserved **A–903–C–X–2317**

# HINDI

Time allowed : 3 hours] [Maximum marks : 85

*परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*

*प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।*

***विशेष निर्देश :***

*(i)* *अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के ऊपर बाईं ओर दिए गए वृत्त में प्रश्न-पत्र सीरीज़ अवश्य लिखिए।*

*(ii)* *प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न संख्या प्रश्न-पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर-पुस्तिका पर वही प्रश्न-संख्या लिखना अनिवार्य है।*

*(iii)* *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़िए।*

*(iv)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

## खण्ड-क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अन्त में दिए गये किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

हमारा हिमालय से कन्याकुमारी तक फैला हुआ देश, आकार और आत्मा दोनों दृष्टियों से महान और सुन्दर है। उसका बाह्य सौन्दर्य विविधता की



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
d free old Question papers gndu, ptu hp board, punja

a2zpapers.com

सामंजस्यपूर्ण स्थिति है और आत्मा का सौन्दर्य विविधता में छिपी हुई एकता की अनुभूति है। चाहे कभी न गलने वाला हिम का प्राचीर हो, चाहे कभी न जमने वाला अतल समुद्र हो, चाहे किरणों की रेखाओं से खचित हरीतिमा हो, चाहे एकरस शून्यता ओढ़े हुए मरु हो, चाहे सांवले भरे मेघ हों, चाहे लपटों में सांस लेता हुआ बवंडर हो, सब अपनी भिन्नता में भी एक ही देवता के विग्रह को पूर्णता देते हैं। जैसे मूर्ति के एक अंग का टूट जाना संपूर्ण देव-विग्रह को खंडित कर देता है, वैसे ही हमारे देश की अखंडता के लिए विविधता की स्थिति है।

यदि इस भौगोलिक विविधता में व्याप्त सांस्कृतिक एकता न होती, तो यह विविध नदी, पर्वत, वनों का संग्रह मात्र रह जाता। परन्तु इस महादेश की प्रतिभा ने इसकी अंतरात्मा को एक रसमयता में प्लावित करके इसे विशिष्ट व्यक्तित्व प्रदान किया है, जिससे यह आसमुद्र एक नाम की परिधि में बंध जाता है।

हर देश अपनी सीमा में विकास पाने वाले जीवन के साथ एक भौतिक इकाई है, जिससे यह समस्त विश्व की भौतिक और भौगोलिक इकाई से जुड़ा हुआ है। विकास की दृष्टि से उसकी दूसरी स्थिति आत्म-रक्षात्मक तथा व्यवस्थापरक राजनीति सत्ता में है। तीसरी सबसे गहरी तथा व्यापक स्थिति उसकी सांस्कृतिक गतिशीलता में है, जिससे वह अपने विशेष व्यक्तित्व की रक्षा और विकास करता हुआ विश्व जीवन के विकास में योग देता है। यह सभी बाह्य और स्थूल तथा आंतरिक और



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
d free old Question papers gndu, ptu hp board, punja

a2zpapers.com

सूक्ष्म स्थितियां एक दूरी पर प्रभाव डालतीं और एक दूसरी से संयमित होती चलती हैं।

एक विशेष भूखंड में रहने वाले मानव का प्रथम परिचय, संपर्क और संघर्ष अपने वातावरण से ही होता है और उससे प्राप्त जय, पराजय, समन्वय आदि से उसका कर्म-जगत् ही संचालित नहीं होता, प्रत्युत अंतर्जगत् और मानसिक संस्कार भी प्रभावित होते हैं।

(i) उपरोक्त अवतरण का उचित शीर्षक दीजिए।

(ii) हमारे देश की सुन्दरता किसमें निहित है ?

(iii) हमारा देश कहाँ से कहाँ तक फैला हुआ है ?

(iv) कौन एक ही देवता के विग्रह को पूर्णता प्रदान करते हैं ?

(v) हमारे देश की अखंडता के लिए विविधता की स्थिति कैसी है ?

(vi) विकास की दृष्टि से किसी देश की स्थिति किसमें है ?

(vii) किसी स्थान पर रहने वाले मानव का सबसे पहला परिचय किससे होता है ?

(viii) हमारे देश की भौगोलिक विविधता में क्या व्याप्त है ?

(ix) प्रत्येक देश अपनी सीमा में विकास पाने वाले जीवन के साथ क्या है ?

(x) हमारे देश की अंतरात्मा किसमें डूबी हुई है ?

(xi) हमारे देश का बाह्य सौन्दर्य किसमें समाहित है ?

(xii) कोई देश अपने विशेष व्यक्तित्व की रक्षा कैसे करता है ?

10×1=10



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
d free old Question papers gndu, ptu hp board, punja

a2zpapers.com

2. अधोलिखित गद्यांश को पढ़कर अन्त में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आसमान पर काले-काले बादल घिर आए। थोड़ी ही देर में अंधेरा सा हो गया। हवा के झोंकों के साथ वर्षा शुरु हुई। कुछ ही पल में मूसलाधार वर्षा का भयानक दृश्य उपस्थित हो गया। बस चालक ने घबराकर बस को सड़क के एक किनारे रोक दिया। चारों ओर पानी ही पानी हो गया था। बस हवा के झोंकों से रह-रहकर डगमगा उठती थी। बस में बैठे सभी चिंतित थे। हवा और वर्षा रुकने के लिए सभी भगवान से प्रार्थना कर रहे थे।

(क) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ख) बस चालक ने बस रोकना क्यों उचित समझा ?

(ग) इस गद्यांश का एक तिहाई सार अपने शब्दों में लिखिए।

2+3+2=7

## खण्ड-ख

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निबन्ध लिखिए -

(क) दहेज प्रथा-एक भयानक कलंक :- (भूमिका, आरंभ, सात्विक रूप, विकृत रूप, कारण एवं समाधान, उपसंहार)



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
d free old Question papers gndu, ptu hp board, punja

a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

(ख) हिमाचल के मेले और त्योहार :- (भूमिका, मिंजर मेला, रेणुका मेला, रथ-रथणी मेला, लवी का मेला, सिरमौर के त्योहार, अन्य त्योहार, उपसंहार)

(ग) आदर्श विद्यार्थी :- (भूमिका, महत्वपूर्ण अवस्था, तपस्या का जीवन, ब्रह्मचर्य, उच्च आदर्श, उपसंहार)

(घ) समय का सदुपयोग :- (भूमिका, सीमित-समय, अमूल्य धन, सुखों की प्राप्ति, आलस्य का त्याग, उपसंहार)

(ङ) कम्प्यूटर-आज की आवश्यकता :- (भूमिका, कंप्यूटर का आविष्कार, कंप्यूटर के लाभ, कंप्यूटर का प्रयोग, उपसंहार) 7

**4.** अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक जी को सदाचार (चरित्र) प्रमाण-पत्र प्रदान करने के लिए प्रार्थना-पत्र।

अथवा

अपने बड़े भाई की शादी के उपलक्ष्य में मित्र को आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए। 4

## खण्ड-ग

**5.** निम्नलिख़ित वाक्यों में प्रयुक्त क्रिया के भेद लिखिए :

(क) प्रिया नहाती है।

(ख) ठेकेदार मजदूरों से ईंटें उठवाता है।

(ग) भक्त रामायण पढ़ते हैं। 3×1=3



www.a2zpapers.com
www.a2zpapers.com
ad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab

a2zpapers.com

6. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अव्यय छाँटकर लिखिए :

(क) महल के चारों ओर सुन्दर बगीचा है।

(ख) मैं ध्यानपूर्वक सुन रहा हूँ।

(ग) पानी के बिना जीवन असंभव है। 3×1=3

7. रचना के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेद लिखिए :-

(क) मैंने उसे पढ़ाया और नौकरी दिलवाई।

(ख) जल्दी-जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी।

(ग) लालची लोग परेशान रहते हैं। 3

8. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदल कर लिखिए :

(क) शोभना गीत गाती है। (कर्मवाच्य में)

(ख) चिड़ियाँ घोंसलों में सोती हैं। (भाववाच्य में)

(ग) नूतन से चला नहीं जाता। (कर्तृवाच्य में) 3×1=3

9. निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए-

(क) आजीवन, चौराहा

(ख) चपला अथवा अर्थ के दो भिन्नार्थक शब्द लिखिए। 2+1=3



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
d free old Question papers gndu, ptu hp board, punja

a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

## खण्ड-घ

**10.** निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

पाँयनि नूपुर मंजु बजैं, कटि किंकिनि कै धुनि की मधुराई।
साँवरे अंग लसै पट पीत, हिये हुलसै बनमाला सुहाई।
माथे किरीट बड़े दृग चंचल, मंद हंसी मुखचंद जुन्हाई।
जै जग-मंदिर-दीपक सुंदर, श्री ब्रजदूलह 'देव' सहाई।।

(क) उपरोक्त पद में निहित भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) श्री कृष्ण की कमर में मधुर धुन उत्पन्न किस कारण हो रही है ?

(ग) श्री कृष्ण की आँखों की सुंदरता को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

छाया मत छूना मन, होगा दुःख दूना।।
यश है या न वैभव है, मान है न सरमाया,
जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया।
प्रभुता का शरण-बिंब केवल मृगतृष्णा है,
हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है।
जो है यथार्थ कठिन उसका तू कर पूजन

(क) अवतरण में निहित भावार्थ स्पष्ट कीजिए।



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
ad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab

a2zpapers.com

(ख) दुःख क्यों दुगुना लगने लगता है ?

(ग) 'चंद्रिका' में छिपा प्रतीकार्थ स्पष्ट कीजिए। 3×2=6

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) कवि बादल से फुहार, रिमझिम या बरसने के स्थान पर गरजने के लिए कहता है, क्यों ?

(ख) संगतकार किन-किन रूपों में मुख्य गायक-गायिकाओं की मदद करते हैं ?

(ग) कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार अभिव्यक्त किया है ?

(घ) लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएँ बताई ? 3×2=6

12. (क) माँ ने बेटी को क्या-क्या सीख दी ? 'कन्यादान' कविता के आधार पर लिखिए।

(ख) कवि ने बच्चे की मुस्कान के सौन्दर्य को किन-किन बिंबों के माध्यम से व्यक्त किया है ? 2×2=4

13. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

हालदार साहब को पानवाले द्वारा एक देशभक्त का इस तरह मज़ाक उड़ाया जाना अच्छा नहीं लगा। मुड़कर देखा तो आवाक् रह गए। एक बेहद बूढ़ा मरियल-सा लंगड़ा आदमी सिर पर गाँधी टोपी और आँखों पर



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
d free old Question papers gndu, ptu hp board, punja

a2zpapers.com
www.a2zpapers.com

काला चश्मा लगाए एक हाथ में एक छोटी-सी संदूकची और दूसरे हाथ में एक बाँस पर टंगे बहुत-से चश्मे लिए अभी-अभी एक गली से निकला था और अब एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस टिका रहा था। तो इस बेचारे के पास दुकान भी नहीं ! फेरी लगाता है !

(क) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) हालदार साहब को क्या अच्छा नहीं लगा था ?

(ग) कैप्टन के व्यक्तित्व का वर्णन कीजिए।

(घ) कैप्टन क्या कार्य करता था ?

अथवा

बड़े शोक की बात है, आजकल भी ऐसे लोग विद्यमान हैं जो स्त्रियों को पढ़ाना उनके और गृह सुख के नाश का कारण समझते हैं और लोग भी ऐसे-वैसे नहीं, सुशिक्षित लोग-ऐसे लोग जिन्होंने बड़े-बड़े स्कूलों और शायद कॉलेजों में भी शिक्षा पाई है, जो धर्म-शास्त्र और संस्कृत के ग्रंथ साहित्य से परिचय रखते हैं, और जिनका पेशा कुशिक्षितों को सुशिक्षित करना, कुमार्गगामियों को सुमार्गगामी बनाना और अधार्मिकों को धर्मतत्त्व समझाना है।

(क) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) लेखक के अनुसार शोक की बात क्या है ?



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
d free old Question papers gndu, ptu hp board, punja

a2zpapers.com

(ग) लेखक ने 'ऐसे-वैसे' किन लोगों को कहा है ?

(घ) 'गृह-सुख के नाश' से लेखक का क्या तात्पर्य है ? 3×2 =6

**14.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) फादर की उपस्थिति देवदार की छाया जैसी क्यों लगती थी ?

(ख) पुत्र के मरने के पश्चात बालगोबिन भगत पुत्रवधू को उसके घर क्यों भेजना चाहते थे ?

(ग) लेखिका की अपने पिता से वैचारिक टकराहट को अपने शब्दों में लिखिए।

(घ) काशी में हो रहे कौन-कौन से परिवर्तन बिस्मिल्ला खाँ को व्यथित करते थे ? 3×2=6

**15.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) लेखक के अनुसार आज के समय में स्त्रियों को पढ़ाने की आवश्यकता प्राचीन समय से अधिक क्यों है ?

(ख) पान वाले का एक रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए।

(ग) लेखक को खीरे खाने से इन्कार करने पर अफसोस क्यों हो रहा था ? 2×2=4

**16.** सरकारी तंत्र में जार्ज पंचम की नाक लगाने को लेकर जो चिंता या बदहवासी दिखाई देती है। वह उनकी किस मानसिकता को दर्शाती है ?



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
d free old Question papers gndu, ptu hp board, punja
www.a2zpapers.com

a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

अथवा

प्राकृतिक सौन्दर्य के आलौकिक आनंद में डूबी लेखिका को कौन-कौन से दृश्य झकझोर गए ? 1×4=4

17. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) लेखक ने 'हिरोशिमा' कविता कहाँ लिखी ? यह कब प्रकाशित हुई तथा यह उनके किस काव्य संग्रह में संकलित है ?

(ख) भारत के स्वाधीनता आंदोलन में दुलारी और टुन्नू ने अपना योगदान किस प्रकार दिया ?

(ग) गंतोक को मेहनतकश बादशाहों का शहर क्यों कहा गया ?

(घ) तारकेश्वर नाथ का 'भोलानाथ' नाम कैसे पड़ा ? 3×2=6



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
d free old Question papers gndu, ptu hp board, punja